हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

10 मरौद शाखा के बैंककर्मियों ने काली पट्टी लगा रोष जताया



12 शहर के तालाबों को मिलेगा नया स्वरूप



## खबर संक्षेप

### बसपा की समीक्षा बैठक आज

**धमतरी।** बहुजन समाज पार्टी जिला धमतरी की समीक्षा बैठक 5 नवंबर को ग्राम खपरी स्थित सतनाम भवन में आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि दाऊराम रत्नाकर प्रदेश प्रभारी बसपा छग और श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छग व विशेष अतिथि केडी टंडन जोन प्रभारी रायपुर बसपा होंगे। बसपा जिला अध्यक्ष प्रदीप जांगड़े ने बताया कि यह समीक्षा बैठक संगठन की मजबूती और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से बुलाई गई है।

### पंडवानी गायिका आराध्या आज होंगी सम्मानित

**मगरलोड।** पांच नवंबर को होने वाले संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के वार्षिकोत्सव सम्मान एवं विमोचन में पंडवानी की बाल गायिका बकली कुरूद निवासी आराध्या साहू संगम सुहेला लोककला से सम्मानित होंगी। इस अवसर पर वह अपनी पंडवानी गायन की आकर्षक प्रस्तुति भी देंगी। छोटी सी उम्र में ही बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू अनेक सम्मानों से सम्मानित हो चुकी हैं। राज्य उत्सव रायपुर तथा राजिम मेला उत्सव जैसे बड़े बड़े मंच पर पंडवानी गायन पेश कर चुकी हैं।



### हरदीभाठा में डांस स्पर्धा आज

**नगरी।** कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के अवसर पर 5 नवंबर को रात्रि 8 बजे से हरदीभाठा में राज्यस्तरीय डांस प्रतियोगिता होगी। सामूहिक नृत्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार 8,000, द्वितीय 6,000, तृतीय 4,000, चतुर्थ 2,000 तथा पंचम पुरस्कार 1,000 रूपए रखा गया है। युगल नृत्य वर्ग में प्रथम 4,000, द्वितीय 3,000, तृतीय 1,500, चतुर्थ 1,000 एवं पंचम पुरस्कार 500 रूपए दिया जायेगा। एकल नृत्य वर्ग में प्रथम 3,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,200, चतुर्थ 1,000 एवं पंचम पुरस्कार 500 रूपए दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में रत्नू निषाद, हरि ध्रुव, रामानंद, तापस मरकाम, रितेश ध्रुव, महादेव यादव जुटे हैं।

### लड़ेर में मानसगान सम्मेलन हुआ

**धमतरी।** देवउठनी पर्व पर ग्राम लड़ेर में एक दिवसीय मानसगान सम्मेलन हुआ, जिसमें ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जगन्नाथ साहू अध्यक्ष, निर्मल साहू, खेमलाल साहू शिक्षक, भरत अग्निवंशी, किरण निषाद, टिकेश ध्रुव, संतोष, टेमन, राजकपूर सेन, निक्की निषाद, मीना साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन राममिलन साहू भंवरमरा ने किया।

मंगलवार से शुरू हुआ मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य, एक माह तक चलेगा

# 22 साल बाद होगा मतदाता सूची का शुद्धिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी सहित पूरे प्रदेश में 22 साल बाद मतदाताओं का नए सिरे से सत्यापन हो रहा है। इस दौरान नई मतदाता सूची भी तैयार की जाएगी। मंगलवार से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया गया है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करेंगे। इसके बाद मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन भी किया जाएगा।

चुनाव के दौरान हर बार फर्जी मतदाता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप होता है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का काम शुरू किया गया है। जिले में करीब 6 लाख 47 हजार मतदाता हैं। वहीं 753 बूथ है। 56 नए बूथ के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रकार जिले में कुल 809 बूथ हैं, जहां पर बूथ लेवल के अधिकारी हैं। ये अधिकारी अपने बूथ के मतदाताओं के घर जाएंगे और एक पहले से प्रिंटेड पर्ची देंगे। इस पर्ची में मतदाता को जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, पिता का नाम, पिता का एपिक नंबर, माता का नाम, माता का एपिक नंबर, पति या पत्नी यदि लागू हो तो उनका नाम, उनका एपिक नंबर, 2003 की सूची में मतदाता का नाम है या नहीं, यदि है तो एपिक नंबर, संबंधी का नाम, संबंध, विधानसभा क्षेत्र आदि सूचनाएं भरनी होंगी। इसे भरवाने में बीएलओ सहयोग करेंगे।





### 2003 में हुआ था गहन पुनरीक्षण

इससे पहले मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का काम 22 साल पहले वर्ष 2003 में हुआ था। इसी दौरान तैयार मतदाता सूची में संशोधन के बाद हर बार चुनाव होता था जिसके चलते मतदाता सूची में त्रुटि की गुंजाइश है। इसी संभावना को देखते हुए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान नए सिरे से मतदाता सूची तैयार की जाएगी। गणना प्रपत्र से लेकर सभी प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज होगी। क्यूआर कोड आधारित होने से गड़बड़ियां खत्म हो जाएंगी। इस मुहिम का उद्देश्य फर्जी मतदाताओं को हटाना और मतदाता सूची को शुद्ध बनाना है।

### घर-घर तीन बार दस्तक देंगे बीएलओ

मतदाता सूची में पुनरीक्षण का यह महाभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक एक माह चलेगा। इस दौरान बीएलओ घरों में तीन बार दस्तक देंगे। 18 साल की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। गहन पुनरीक्षण के लिए जिले में 809 बीएलओ, 10 एईआरओ और 3 ईआरओ की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को कुरूद और धमतरी में बीएलओ को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सिहावा में प्रशिक्षण पहले हो चुका है।

### गौशाला में वापस लाए गए गौवंश

# गौसेवकों ने मवेशियों से भरी मेटाडोर को पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गौशाला से पालने के लिए गांव ले जा रहे मवेशियों से भरी मेटाडोर को गौसेवकों ने पकड़ गौवंशों को वापस गौशाला में छोड़ा। गौसेवकों ने कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि मेटाडोर क्रमांक सीजी 23 एम 0714 में 34 मवेशी को भरकर नगरी क्षेत्र के ग्राम झुरातराई ले जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम अछोटा के पास श्रीराम हिन्दू संगठन के कुछ युवकों ने सूचना मिलने के बाद पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर उक्त मेटाडोर को रूकवाया। चेक करने पर मेटाडोर में मवेशी भरे हुए थे। इसी बीच मेटाडोर के साथ तूफान वाहन से आ रहे झुरातराई के ग्रामीणों ने मवेशी ले जाने से संबंधित कागजात दिखाया। स्टम्प पेपर में राष्ट्रीय गौशाला से 28 मवेशियों को पशु नस्ल सुधारने के लिए ले जाने का उल्लेख था। इस बीच घटना की शहर के गौसेवकों को जानकारी होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मवेशी से भरी मेटाडोर को लेकर सिटी कोतवाली पहुंची। जहां गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष को बुलाया गया। रात्रि में ही सभी मवेशियों को राष्ट्रीय गौशाला भेज दिया गया। इसमें एक मवेशी की मौत हो गई।

पुलिस मवेशियों को ले जा रहे मेटाडोर व ग्रामीणों को अर्जुनी थाना ले जाकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में सीएसपी ने मीडिया को बताया कि अर्जुनी थाना में एक शिकायत आई है जिसमें विनय दास मानिकपुरी ने आरोप लगाया है कि नगरी क्षेत्र के ग्रामीण गौशाला ट्रस्ट से मवेशियों का ट्रक से अवैध ट्रांसपोर्ट कर रहे हैं। आवेदन प्राप्त हो चुका है। पुलिस जांच कर रही है। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि ट्रस्ट की बैठक में तय हुआ था कि अतिरिक्त मवेशियों को पालन के लिए ग्रामीणों को दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर को भी पत्र दिया गया है। ग्राम पंचायत झुरातराई के सरपंच बीरबल पदमाकर व आश्रित ग्राम झुरातराई के ग्रामीणों को 28 मवेशी देना तय किया गया। सोमवार को कागजात की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ग्रामीण वाहन से मवेशियों को ले जा रहे थे। ले जाते समय एक बछिया वाहन से नीचे कूद गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# सुर, संगम और समर्पण से सजी रजत महोत्सव की संध्या

■ तरूणा की पंडवानी, राहुल बैंड, कत्थक, भरतनाट्यम, राउत नाचा ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सोमवार 3 नवम्बर की रात संगीत, नृत्य और लोक संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। पंडवानी गायिका श्रीमती तरूणा साहू ने अपनी मनमोहक आवाज से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं राहुल बैंड की रंगारंग प्रस्तुति सहित स्वच्छता अभियान की गाड़ीवाला आया घर से कचरा निकाल, सीताहरण नृत्य नाटिका, सूर्य नमस्कार, दुर्गा स्तुति, राउत नाचा, छत्तीसगढ़ संस्कृति आधारित सामूहिक नृत्य, नशा मुक्ति पर युगल नृत्य, प्रकाश साहू के लोकनृत्य, कत्थक नृत्य, गायन आदि लोगों के दिलों में संगीत की हलचल मचा दी। दर्शकों की तालियों और नृत्य से पूरा प्रांगण गूंज उठा।

छत्तीसगढ़ की गौरवगाथा को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती तरूणा साहू ने अपने तानपुरे और अभिव्यक्तिपूर्ण मुद्राओं से महाभारत की द्रोपदी चीरहरण की गाथा को ताजा कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविह्वल कर दिया और वे देर तक मंच से नज़रें नहीं हटा सके। उन्होंने महाभारत के चीरहरण की घटनाओं को मार्मिक और ह्दयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद राहुल बैंड की प्रस्तुति ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने से नहीं रोक सका।

### हिंदी गानों से रूठे धमतरीवासी, छत्तीसगढ़ी गीतों पर थिरके कदम

■ रजत जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ी गीतों की गूंज, दर्शकों ने झूमकर मनाया उत्सव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की 25वीं वर्षगांठ पर धमतरी में आयोजित रजत जयंती समारोह तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बैंड समूहों ने हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी, लेकिन दर्शकों की प्रतिक्रिया देखकर आयोजक समझ गए कि धमतरीवासियों का दिल छत्तीसगढ़ी गीतों में ही बसता है। जैसे ही छत्तीसगढ़ी गीत मंच से गूंजे, पूरा पंडाल झूम उठा। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक ने स्थानीय सुरों की लय पर कदम थिरकाए। दर्शकों की बार-बार की मांग पर कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह छत्तीसगढ़ी रंग में रंग गया। समारोह में हिंदी गीतों पर आधारित नृत्य और नाटिकाएं भी प्रस्तुत की गईं, किंतु स्थानीय बोली के गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मंच पर छत्तीसगढ़ी नाटिका, लोकनृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। जिला प्रशासन और नगर निगम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुरक्षा और व्यवस्थागत तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ी। आयोजन के दौरान कई दर्शकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल राज्य निर्माण की ऐतिहासिक उपलब्धियों की याद दिलाते हैं, बल्कि युवाओं में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक परंपरा के प्रति गर्व और जागरूकता भी बढ़ाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि जब यह छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस है, तो सभी कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी बोली और भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका मत था कि स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाए, ताकि वे अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बना सकें। हालांकि स्थानीय आयोजकों ने बताया कि अधिकांश कार्यक्रम रायपुर से तय होते हैं, इसलिए स्थानीय सुझावों को शामिल करने में कठिनाई होती है। फिर भी आने वाले वर्षों में इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को और भव्य रूप में करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और गीत-नृत्य की परंपरा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# लिफ्ट के बहाने बाइक चालक को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाइक में लिफ्ट लेकर सुनसान जगह में चालक से उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल व बैग लूटकर फरार हुए आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार धमतरी निवासी कमलकिशोर 31 अक्टूबर की शाम बेलरगांव से अपनी बाइक से अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान नहरपार में स्थित शराब दुकान से शराब लेकर लौटते समय दो अज्ञात युवकों ने लिफ्ट मांगते हुए उसे रोक लिया। कमलकिशोर द्वारा बाइक रोकने पर दोनों युवक पीछे सवार हो गए। रास्ते में नहर किनारे झाड़ियों के पास बाइक रूकवाकर पैसे की मांग करने लगे। पैसे देने से मना करने पर कमलकिशोर से मारपीट कर 40 रूपये नकद, कालेज बैग, मोबाइल कीमत 7000 व मोटर साइकिल कीमत 20 हजार रूपये को लूटकर ग्राम कोलियारी की ओर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 309-6 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल बारले पिता गब्बर उम्र 21 वर्ष व कमलेश खुटेल उर्फ भुरू पिता महेश्वर दोनों सतनामी बस्ती जालमपुर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लूट की वारदात करना स्वीकार किया। लूटे गए मोबाइल को साथी के पास, बैग कमलेश के पास व मोटरसाइकिल राहुल बारले के पास होना बताया। पुलिस ने लूटे गए सभी सामान को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी राहुल बारले व कमलेश खुटेल उर्फ भुरू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा चला रहे चालकों पर कार्रवाई



नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यातायात पुलिस ने शहर में विशेष अभियान चलाकर बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा चला रहे चालकों पर कार्रवाई की है। वहीं व्यवस्थित यातायात बनाने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को पुलिस ने हटवाया।

यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम सुरक्षित व अनुशासित बनाने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना वैध लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाते पाए गए। चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर 5 हजार रुपए परिसमन शुल्क वसूल किया गया। चालकों को भविष्य में यदि बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की समझाइश दी गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा सदर मार्ग, गोलबाजार एवं अन्य व्यस्त मार्गों पर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को हटाकर वाहन चालकों को समझाइश दी गई। चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को खड़ा करने के लिए कहा गया। यातायात पुलिस ने शहर के नागरिकों एवं वाहन चालकों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने और जनहितैषी अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

7 से 15 जनवरी तक धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली का होगा आयोजन

# अग्निवीर बनने इंडोर स्टेडियम में पसीना बहा रहे युवा

■ धमतरी सहित बालोद, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव जिले के युवा ले रहे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सेना की वर्दी पहनकर देश सेवा करने का जज्बा रखने वाले जिले के युवाओं के लिए बेहतरीन मौका है। बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में 7 से 15 जनवरी तक अग्निवीर के लिए भर्ती रैली होने जा रही है। इंडोर स्टेडियम में प्रेक्टिस करने वाले युवाओं का कहना है कि जब कोई नया रास्ता तय करना हो तो वह मार्ग बहुत दूर लगता है, लेकिन जिस रास्ते पर हम हमेशा आते-जाते हैं। उस रास्ते की दूरी यूं ही तय हो जाती है। धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली की सूचना मिलने से महीनों से अभ्यास कर रहे 500 से अधिक युवाओं में उत्साह है। उन्होंने सेना भर्ती रैली आयोजन के लिए जिला प्रशासन तथा आर्मी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

गत सितंबर माह को सेना के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल अरूण कालिया, मेजर रुबेशकुमार अधिकारी गोहन सुंदरम ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरजसिंह परिहार से मुलाकात कर सेना भर्ती रैली आयोजन की तैयारी कर विस्तृत चर्चा की थी। उस समय कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा था कि जिले के युवाओं को देश सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने सेना के अधिकारियों को भरोसा दिया था कि जिला प्रशासन आयोजन के लिए सभी जरुरी व्यवस्था करेगा। इस दौरान एसडीएम पीयूष तिवारी ने सेना के अधिकारियों को इंडोर स्टेडियम खेल मैदान का निरीक्षण कराया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी थी।

शहर में सेना, सशस्त्रबल, पुलिस आदि भर्ती के लिए ट्रेनिंग देने वाले दो संस्था है जहां सैकड़ो युवा रोजाना अभ्यास करते हैं। निःशुल्क कमांडो प्रशिक्षण केंद्र मिलिट्री एकेडमी के संचालक जेआर निषाद बताते हैं कि रोजाना करीब 150 तथा रविवार को लगभग 500 युवक- युवती निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होते हैं। धमतरी के अलावा बालोद, कांकेर, गरियाबंद तथा कोंडागांव के युवा प्रशिक्षण लेने आते हैं। इंडोर स्टेडियम में अभ्यास करने वाले युवाओं के लिए सेना में भर्ती के लिए बहुत अच्छा अवसर मिला है। 9 नवंबर रविवार को एकेडमी द्वारा सेना भर्ती रैली का फाइनल रिहर्सल एवं मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने फाइनल रिहर्सल में जिले के युवाओं को शामिल होकर तैयारी पुष्ट करने को कहा है।

आर्मी फ्रीडम एकेडमी के संचालक केएल साहू ने बताया कि वे रूद्री में युवाओं को सेना, सशस्त्रबल, पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता के साथ आवश्यक जानकारी देते हैं। वर्तमान में करीब 150 युवा ट्रेनिंग ले रहे हैं जिसमें 25 युवतियां भी शामिल हैं। धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन यहां के युवाओं के लिए गौरव की बात है। इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे बालोद के युवा मेनू निषाद, कोंडागांव के रामसिंग नेताम, दुगली के शिवकुमार, रत्नाबांधा के तरूण ने अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए कलेक्टर, एसपी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले के युवाओं के लिए सेनाभर्ती के लिए बहुत अच्छा मौका है। स्थानीय युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।



### देश सेवा के लिए बेहतर अवसर : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि 7 से 15 जनवरी तक बाबू पंडरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। जिले के युवाओं के लिए देश की सेवा में जाने के लिए बढ़िया अवसर है। इस भर्ती रैली में प्रदेश के सभी जिलों के युवा शामिल होंगे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969





## खबर संक्षेप

### उमरगांव में डांस स्पर्धा 5 को

**नगरी।** नवयुवा समिति उमरगांव के तत्वावधान में नवीन बाल मंडली स्कूल पारा परिसर में 5 नवंबर की रात्रि अंतरराज्यीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से होगा। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 है। प्रथम 10,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000, चतुर्थ 2,000 पुरस्कार रू. दिये जायेंगे। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 150 रू. है। प्रथम 4,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,000, चतुर्थ पुरस्कार 500 रू. दिये जायेंगे। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रू. है। प्रथम 3,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,000, चतुर्थ पुरस्कार 500 रू. दिये जायेंगे। तैयारी में समिति के अध्यक्ष फलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश कश्यप, परमेश्वर नेताम, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिन्हा, ईत्तु ध्रुव, सचिव जनक ध्रुव, सहसचिव दिपांशु मानिकपुरी, राहुल सिन्हा, फलेंद्र साहू आदि जुटे हुए हैं।

## निधन

### धनीराम साहू



**कुरुद।** नगर पालिका कुरुद दानीपारा वार्ड क्रमांक 02 निवासी जिला सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मी धनीराम साहू का 54 वर्ष की आयु में 1 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, लक्की साहू के पिता एवं हीराबाई साहू के पति थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार एवं नगरवासी सम्मिलित हुए।

### मेहत्तर जोशी



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी मेहत्तर जोशी 62 वर्ष का निधन 3 नवम्बर सोमवार को हो गया। वे फगनी बाई जोशी के पुत्र, श्यामरतन जोशी, प्रेमबाई जोशी के भतीजे एवं लीलेश जोशी, मिथिलेश जोशी, दीपक जोशी के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृह गराम डांडेसरा के शांति घाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भागबती ध्रुव



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी भागबती ध्रुव उम्र 90 वर्ष का निधन 4 नवंबर मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। वे डेरहाराम ध्रुव की चाची और मनोज, नारायण, विनोद ध्रुव की दादी थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने सुखित ध्रुव, रामस्वरूप विश्वकर्मा, महेंद्र, गौतम, मनीष हिमेश, गौरव सहित परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन शामिल हुए।

वर्ष 2021 से नहीं मिला देय वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ

# मरौद शाखा के बैंककर्मियों ने काली पट्टी लगा रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ रायपुर के आह्वान पर मरौद शाखा के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेश के बाद भी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा नहीं देने कारण 29 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन के पहले दिन काली पट्टी लगाकर विरोध जताया।

5 नवंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर 6 नवंबर को सभी कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद रखेंगे। फिर भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं करने पर 12 नवंबर से बैंक के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे जिससे धान की खरीदी एवं राशि भुगतान सहित सभी बैंकिंग कार्य तथा बैंक द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं ठप हो जाएंगी।

प्रदर्शन में अशोक साहू सहायक लेखा, कमलसिंह सिन्हा लिपिक , हरिओम, रूक्मणि, लेखराम, हिरामन समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारियों का कहना है कि दुर्भावनापूर्ण एवं कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों के विपरीत सेवायुक्तों को प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से वार्षिक वेतनवृद्धि दिया जाता रहा है, लेकिन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छग द्वारा वर्ष 2021 से लगातार 5 वर्षों तक वेतनवृद्धि का लाभ उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णय आदेशों के उपरांत भी नहीं दिया जा रहा है। सहकारिता पंजीयक द्वारा प्रदेश के अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक हेतु जारी आदेश से अलग सहकारी बैंक में प्रचलित सेवा नियम के प्रावधानों के विपरीत कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए जिला बैंक रायपुर हेतु बंधनकारी आदेश जारी करते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि को बाधित किया गया है, जो कि दुर्भावनापूर्वक एवं कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों के विपरीत है।

**इस तरह प्रदर्शन चलेगा**

5 नवंबर तक बैंक मुख्यालय एवं शाखा कार्यालय में रोजाना सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक कलम बंद कर नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 6 नवंबर को एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर बैंक मुख्यालय एवं शाखा कार्यालय में नारेबाजी का विरोध प्रदर्शन होगा। 7 नवंबर को नोडल कार्यालय गरियाबंद एवं धमतरी में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 12 नवंबर से मांग पूरा होते तक बैंक मुख्यालय सहित सभी शाखाओं एवं एटीएम मशीनों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी।

# ब्लॉक के निवेशक जमा राशि वापसी की मांग को लेकर 15 को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

- लगभग 41,218 निवेशकों ने विभिन्न कंपनियों में करीब 86,60,51,942 रूपए निवेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा



नगरी ब्लॉक के निवेशक अपनी जमा राशि की वापसी की मांग को लेकर 15 नवंबर को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक के लगभग 41,218 निवेशकों ने विभिन्न कंपनियों में करीब 86,60,51,942 रूपए निवेश किया था। निवेशकों का कहना है कि वे पिछले दस वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई की वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी को भी पैसा वापस नहीं मिला है।

निवेशकों ने बताया कि केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में मिलकर चिटफंड अधिनियम बड्स एक्ट कानून 2019 पारित किया था। इस कानून में प्रावधान है कि किसी कंपनी के बंद होने की स्थिति में निवेशकों की राशि 180 दिनों के भीतर शासन के माध्यम से दो से तीन गुना तक वापस की जाएगी।

हालांकि कानून लागू हुए छह वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इसी कानून के पालन की मांग को लेकर तपजप संगठन के नेतृत्व में ठगी पीड़ित परिवारों द्वारा यह आंदोलन किया जा रहा है। मदन लाल आजाद के आव्हान पर 15 नवंबर को दिल्ली में संसद घेराव एवं रैली प्रदर्शन का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया है।

इस आंदोलन में नगरी ब्लॉक के सैकड़ों निवेशक भी शामिल होंगे, जो अपने खून-पसीने की कमाई की वापसी के लिए दिल्ली रवाना होंगे।

इस अवसर पर चंदनलाल साहू, सुकराम साहू, हेमलाल साहू, छन्नूलाल साहू, तेज कुमार साहू, मधुराम नेताम, रेखूराम साहू, मनोहर ग्वाले, महादेव निषाद, राधेश्याम साहू, मनोज प्रजापति, चेतना बिसेन, खेमिन साहू, सुलोचना साहू, जनमेजय साहू, रोहित साहू, प्रेम परिहार शामिल हैं।

# जनजागृति लाने की दिशा में भी काम करे समाज : गीतेश्वरी

- परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी का आयोजित हुआ प्रथम सम्मेलन व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी) के द्वितीय कार्यकाल का प्रथम सम्मेलन व पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस साहू सदन तर्रागोंदी में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर, पूर्व पदाधिकारियों को उनकी सेवा व समर्पण के लिए नारियल का पौधा, मां कर्मा के छायाचित्र व प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।

समारोह में बतौर अतिथि जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हरेक सामाजिक संगठन, लोगों की समस्याओं का त्वरित, सस्ते व सुलभ समाधान करने का ही काम नहीं करता बल्कि आज परिवार में संस्कार देने, विभिन्न जनजागृति लाने, पुरानी रूढ़िवादी परम्पराओं को समाप्त कर नया आचार विचार, नेतृत्व का काम करने का अवसर देने का भी काम कर रहा है जो विकसित और सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।

तहसील साहू संघ भखारा अध्यक्ष कामता राम साहू ने कहा कि तर्रागोंदी परिक्षेत्र ने अभी अपने मात्र चार साल के अल्पकाल में ही अनेक अनुकरणीय कार्य कर उपलब्धि प्राप्त की है। कार्यक्रम को गणेश राम साहू कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय ओमप्रकाश साहू, दमयंती साहू, जितेंद्र साहू, भारती साहू, नंदकुमार साहू ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गिरधारी साहू शिक्षक, चोवाराम साहू अध्यक्ष, छत्रसेन साहू, गायत्री साहू, उपाध्यक्ष सविता गंजीर, श्यामू साहू संगठन सचिव के अलावा भोलाराम साहू, नेमेश्वर साहू, मोतीलाल साहू, दयालुराम साहू, ओम साहू, कांति साहू, मीना साहू उपस्थित थे।

# पहंदा में हुआ शहीद परिवार का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पहंदा में सैनिक सम्मान कार्यक्रम हुआ। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। आजाद फ्रेंड्स क्लब द्वारा आसपास के शहीद परिवार को आमंत्रित कर उनका सम्मान मंच पर किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण पटेल प्यारेलाल साहू थे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच लोकनाथ सूर्यवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आर्मी घासीराम नेताम, जयराम सिन्हा, नीलकंठ नेताम, गोविंद साहू सचिव, राधेश्याम नेताम ग्रामीण अध्यक्ष, कन्हैयालाल कौशिक थे। कवि सम्मेलन में क्षेत्र के प्रसिद्ध कवि जितेंद्र कुमार साहिर राजिम, संतोष सोनकर, संतोष सेन, टीकमचंद सेन ने अपनी हास्य कविता ने ग्रामीणों को गुदगुदाया। शाम को बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम जोरातराई अं में 1 नवम्बर को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। हितग्राहियों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कई आवास प्लस की सूची को स्वीकृत करवाया जिनके कारण उन्हें आवास मिला है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया कि जिन्होंने गरीब जनता के बारे में सोचा और प्रधानमंत्री आवास के लिए राशि प्रदान की। आज गरीब के पास भी पक्का मकान हो गया है। मौके पर सरपंच पूर्णिमा साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# आज त्रिकुटी शिवधाम में होगा मड़ई मेला

- शिव मंदिर का निर्माण तीन ग्रामों की सरहद में होने के कारण त्रिकुटी शिवधाम नाम रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी/कोर्रा(भखारा)



इस वर्ष भी 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर 3 ग्रामों की सरहद सिहाद, कोसमर्रा, देवरी के मध्य स्थित शिव मंदिर मैदान त्रिकुटी शिवधाम में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। यह भाठा मड़ई के नाम से भी प्रख्यात है।

बुजुर्गों से मिली जानकारी के अनुसार भखारा से काशीपुरी रोड निर्माण कार्य के दौरान खुदाई के समय एक शिवलिंग प्राप्त हुआ था जिसे गांववालों ने विधि विधान से स्थापना कर एक भव्य मंदिर बनाया। इस मंदिर के निर्माण के समय से यहां पर मड़ई का आयोजन होते आ रहा है। शिव मंदिर का निर्माण तीन ग्रामों की सरहद में होने के कारण इसे श्रद्धालुओं द्वारा त्रिकुटी शिवधाम नाम दिया गया है। वर्तमान में त्रिकुटी शिव धाम के आसपास दर्जनों मंदिर का निर्माण विभिन्न समाज एवं समिति द्वारा किया गया है। शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां कर्मा मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, बड़ादेव मंदिर अग्रसेन मंदिर बुढ़ा देव मंदिर,त्रिकुटी शिव धाम समिति द्वारा श्री राम दरबार का मंदिर एवं शिव मंदिर निर्मित है। भखारा नगर पंचायत के समीप स्थित होने के कारण यहां मेला मड़ई में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। कोसमर्रा सरपंच डा. कुलेश्वर साहू ने बताया कि इस अवसर पर कोसमर्रा में कसही का नाचा कार्यक्रम होगा। सिहाद में दर्शकों के मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाठागांव बी जिला बलोद का कार्यक्रम रखा गया है।

यह जानकारी कोसमर्रा सरपंच डा. कुलेश्वर साहू व उत्तम पटेल समिति अध्यक्ष सिहाद ने दी।

## नपं भखारा भठेली में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

- आसानी से शराब मिलने से छोटे बच्चे भी चपेट में आ रहे

**कोर्रा(भखारा)।** नगर पंचायत भखारा भठेली में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है। मन माफिक मूल्य पर अवैध शराब की बिक्री हरिजन वार्ड भखारा पर हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भखारा भठेली अंतर्गत हरिजन वार्ड में अवैध शराब की बिक्री जोरो से हो रही है। सुबह से ही अवैध शराब की बिक्री चालू हो जाती है। वाहन चालकों और शराबियों का मजमा लग जाता है जिसके कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। अवैध रूप से शराब मिलने कारण सुबह से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। आसानी से शराब मिलने से छोटे-छोटे बच्चे भी इसके शिकार हो रहे हैं। गणमान्य नागरिकों ने पुलिस थाना व जिला प्रशासन से अवैध शराब पर अति शीघ्र लगाम कसने की मांग की है ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके ।

दुगली में अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति के तत्वावधान में राज्य स्तरीय लोककला डांस प्रतियोगिता हुई

# सामूहिक डांस प्रतियोगिता में हमर छत्तीसगढ़ साजापाली महासमुंद अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम दुगली में माता अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति दुगली के तत्वावधान में राज्य स्तरीय लोककला डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि तिरिवंदु शेखर कंवर समाजसेवी धमतरी थे, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद निर्मल सिंह नेताम और ग्राम के पुरखों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। शहीद निर्मल सिंह के परिजनों का सम्मान किया गया।

समारोह में सेवानिवृत्त सैनिक बसंत सिंह सोरी, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दसवीं और बारहवीं के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं शिवा कुमार, लीलिमा ध्रुव, मैनावती एवं मिलाप कुमार को वर्ष के प्रतिभावान छात्र सम्मान से अलंकृत किया गया। शहीद निर्मल सिंह नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के राज्य स्तरीय प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। सामूहिक नृत्य में प्रथम हमर छग डांस ग्रुप बड़े साजापाली महासमुंद, द्वितीय प्रतिमा डांस ग्रुप जांजगीर-चांपा, तृतीय स्वरागिनी डांस परिवार रतनपुर बिलासपुर, चतुर्थ माता महिमा डांस ग्रुप डामहाटोला राजनांदगांव, पंचम आरएन डांस ग्रुप बागबाहरा, षष्ठम आम्रपाली डांस ग्रुप कोरबा, सप्तम स्थान पर पुरवइया डांस ग्रुप बिरापारा विश्रामपुरी रहे।

युगल नृत्य वर्ग में प्रथम साधना सरगम जांजगीर-चांपा, द्वितीय पवन हिना रायपुर, तृतीय खुश्बू-श्याम पिथौरा महासमुंद, चतुर्थ चुरकी-मुरकी पिथौरा महासमुंद व एकल नृत्य वर्ग में प्रथम संयुक्त लक्की यादव धमतरी एवं मल्लिका रायगढ़, द्वितीय संगीता कोरचे धनतुलसी कांकेर, तृतीय खिलावन निषाद, चतुर्थ अंजलि दीवान रायपुर रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष नाग ने किया।

अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, रविशंकर नाग, रविन्द्र देव सोरी, रामेश्वर मरकाम सरपंच दुगली, रमेश मंडावी सरपंच बांधा, उत्तम नेताम सरपंच राजपुर, रुमलाल मरकाम मंडी अध्यक्ष, डोंगाडुला थे। कार्यक्रम सीताराम नेताम उपाध्यक्ष, शंकर नेताम कोषाध्यक्ष, मनहरण टांडेश महासचिव, सदस्य भावसिंह मरकाम, वरुण देव नेताम, सूर्या सलाम, राजेश्वर नेताम, हरिशंकर मरकाम, भैय्यालाल ध्रुव का योगदान रहा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गुरुनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व)
# दी लख-लख बधाइयां



सिख धर्म के प्रथम गुरु और मानवता के प्रतीक हैं, जिनकी जयंती 5 नवंबर को मनाई जाती है। उन्होंने ईश्वर की एकता, सत्य, करुणा और समानता का संदेश दिया, तथा अंधविश्वास व जाति-पाति का विरोध किया। उनकी चार उदासियों (यात्राओं) का उद्देश्य मानवता में एकता स्थापित करना था। 'नाम जपना', 'किरत करना' और 'वंड छकना' उनके प्रमुख उपदेश थे, जो आज भी मानव कल्याण के लिए मार्गदर्शक हैं। गुरु नानक देव जी सिख धर्म के प्रथम गुरु और विश्व मानवता के प्रतीक माने जाते हैं। इस वर्ष 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी, जो उनके प्रकाश पर्व के रूप में समर्पित है। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि ईश्वर एक है और वह हर हृदय में बसता है। उनके उपदेशों में सत्य, करुणा, समानता और सेवा का गहरा भाव निहित है। उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और जाति-पांति के भेदभाव का विरोध किया तथा प्रेम और एकता के मार्ग को अपनाने की प्रेरणा दी। गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन ईश्वर-भक्ति, सत्यनिष्ठा और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी शिक्षाएं आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक प्रकाश बनी हुई हैं।

































संकलनकर्ता : उमेश सिंह वशिष्ट हरिभूमि ब्यूरोचीफ जिला धमतरी 98261-14710, रवि सिंह राजपूत विज्ञापन प्रभारी धमतरी 83058-71196

खबर संक्षेप



## विनोबा एप ने किया पोटियाडीह की प्रधानपाठिका योगेश्वरी का सम्मान

**धमतरी।** नवीन प्राथमिक शाला नयापारा पोटियाडीह की प्रधानपाठिका श्रीमती योगेश्वरी साहू को विनोबा एप ने शुक्रवार को हरदिहा साहू समाज के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में बच्चों की रचनात्मक शिक्षण विधियों और अंग्रेजी विषय में नवाचारों के माध्यम से बच्चों की सीख और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय सुधार के लिए सम्मानित किया। श्रीमती साहू को सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, पालकों और शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

## निगम में रिक्शा खरीदी पर गरमाया विवाद

- विपक्ष ने महापौर पर साधा निशाना, कहा : आठ महीने से नगर का विकास कार्य ठप

**धमतरी।** नगर पालिका निगम में रिक्शा खरीदी का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। कांग्रेस पार्षदों ने महापौर रामू रोहरा पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे घटिया क्वालिटी की रिक्शा खरीदी की जिम्मेदारी से बचने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, पार्षद सुमन सोमेश मेश्राम, योगेश लाल एवं अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रिक्शा खरीदी का टेंडर पूर्व कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था, लेकिन सप्लाई महापौर रामू रोहरा के कार्यकाल में की गई। उनका कहना है कि सप्लाई से पहले गुणवत्ता जांच किए बिना ही वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, जिससे निम्नस्तरीय रिक्शा खरीदे गए। विपक्षी पार्षदों ने कहा कि महापौर इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी से बचने के लिए पिछले कार्यकाल को दोष दे रहे हैं, जबकि भुगतान और सप्लाई उन्हीं के कार्यकाल में हुई। उन्होंने मांग की है कि खरीदी प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए। कांग्रेसी पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि महापौर के आठ महीने के कार्यकाल में नगर के 40 वार्डों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। वार्ड पार्षद लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन महापौर का ध्यान शहर विकास की जगह पिछले कार्यकाल की खामियों को खोजने में लगा हुआ है।

## पेंशनर्स समाज के नए सदस्य का हुआ स्वागत

**नगरी।** छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी की बैठक में समाज के नए सदस्य मोहनलाल साहू का स्वागत किया गया। अध्यक्ष आरएल देव ने उन्हें समाज की सदस्यता दिलाई। सक्रिय सदस्य अरुण सोम ने पेंशनर्स समाज के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु स्वप्रेरणा से 5001 की सहयोग राशि अध्यक्ष श्री देव को भेंट की। कार्यक्रम में आरएल देव, एएल बनपेला, पीआर चंद्रवंशी, जीएस वर्मा आदि मौजूद थे।

### सात तालाबों और प्रमुख गार्डनों के सौंदर्यीकरण की योजना, नगर निगम ने राज्य सरकार को भेजा प्रस्ताव

# शहर के तालाबों को मिलेगा नया स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर की पहचान माने जाने वाले ऐतिहासिक तालाब अब अपनी पुरानी चमक वापस पाने की तैयारी में है। नगर निगम ने नगरोत्थान योजना के तहत सात प्रमुख तालाबों और पांच गार्डनों के सौंदर्यीकरण की महत्वाकांक्षी योजना तैयार कर राज्य सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा है। मंजूरी मिलते ही शहर में तालाब सौंदर्यीकरण का सबसे बड़ा अभियान शुरू होगा।

प्रस्तावित तालाबों में आमापारा का बनियातालाब, रामसागर तालाब रामसागरपारा, दीवान तालाब, कठौली तालाब जालमपुर, जालमपुर तालाब, जुनवानी तालाब और गंज तालाब शामिल हैं। प्रत्येक तालाब के विकास कार्य पर लाखों रुपये तक खर्च करने का प्रस्ताव है।

निगम अधिकारियों के अनुसार सौंदर्यीकरण के तहत तालाबों के चारों ओर पाथवे, आकर्षक रेलिंग, सोलर लाइट, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, फव्वारे और हरियाली विकसित की जाएगी। इसके साथ ही तालाबों की गहराई बढ़ाने, किनारों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था सुधारने और गाद हटाने का काम भी किया जाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से शहर के पुराने तालाब न केवल सुंदर दिखेंगे बल्कि उनका जल संरक्षण और पर्यावरणीय महत्व भी बढ़ेगा। इन स्थलों को लोकल टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लोग शाम के समय परिवार सहित यहां समय बिता सकें।

### सरकार से स्वीकृति की प्रतीक्षा

नगर निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारी लगातार रायपुर में नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं ताकि प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति मिल सके। निगम का कहना है कि मंजूरी मिलते ही कार्य का टेंडर जारी कर विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### गार्डनों में हरियाली का नया अध्याय

नगर निगम ने शहर के प्रमुख गार्डन को भी इस योजना में शामिल किया है। इनमें मकई गार्डन, नेहरू गार्डन, रामसागर गार्डन, विवेकानंद कॉलोनी गार्डन और जालमपुर तालाब गार्डन का सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। हर गार्डन में लाखों रुपये तक की राशि खर्च की जाएगी। यहां नए फूल पौधे, आकर्षक लैंडस्केपिंग, बेंच, झूले, वॉकिंग ट्रैक और ओपन जिम की सुविधा देने की योजना है।

### पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाएंगे

नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि धमतरी के तालाब शहर की आत्मा है। हमारा प्रयास है कि इन्हें आधुनिक रूप में सहेजते हुए लोगों के लिए आकर्षक स्थल बनाया जाए। ये न केवल सौंदर्य बढ़ाएंगे बल्कि शहर की जलवायु और पर्यावरण संतुलन में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

### नागरिकों में उत्साह, बढ़ी उम्मीदें

स्थानीय नागरिक इस योजना को लेकर उत्साहित हैं। स्थानीय निवासी विनोद हिरवानी, प्रेमलाल यादव, समयलाल ध्रुव का कहना है कि बनिया तालाब हमारे क्षेत्र का गौरव है। अगर इसका सौंदर्यीकरण होता है, तो यहां के लोगों को सुबह-शाम घूमने के लिए एक सुंदर जगह मिलेगी। रामसागर पारा पुनीत मत्स्यपाल, राकेश नायक, भूषण लाखे ने कहा, कि शहर में बढ़ते कांक्रीट के बीच तालाब और पार्क जीवन में ताजगी भरते हैं।

### पर्यावरण और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

भू गर्भ विशेषज्ञ राजेश गंजीर का मानना है कि तालाबों के पुनरुद्धार, जल संरक्षण से भूजल स्तर में सुधार और स्थानीय पर्यटन को नई दिशा देगा। स्वच्छ और सुंदर तालाब शहर की पहचान बन सकते हैं।

# दूध चाहिए तो मुफ्त में ले जाए गौवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय गौशाला में पशुपालकों और किसानों को अच्छी नस्ल के बछिया-बछड़ों का वितरण किया जा रहा है। पशुपालक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर मुफ्त में इन गोवंश को ले जा सकते हैं। अब तक 5-6 पशुपालकों को बछिया-बछड़ों का वितरण किया जा चुका है।

राष्ट्रीय गौशाला गौवंशीय संरक्षण की दिशा में बेहतर काम कर रहा है। यह गौशाला शहर के बीच स्थित है। अच्छी देखरेख के चलते यहां पर हर साल गोवंशियों की वंशवृद्धि होती है। शहर के बीच होने के कारण जगह और चारा की कमी से लिए जूझना पड़ता है, इसके बाद भी चारा की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि गोवंशियों की वंशवृद्धि के बाद अच्छे पशुपालकों और किसानों को गोवंशियों का वितरण कर दिया जाता है। इस बार भी राष्ट्रीय गौशाला में करीब 25 बछिया और बछड़ों का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय गौशाला प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इन बछिया और बछड़ों की उम्र 1-3 वर्ष के बीच है। इच्छुक पशुपालक दुग्ध उत्पादन के लिए इन गोवंशियों का पालन पोषण कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को जमीन होने का प्रमाण, सरपंच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# टिकरापारा में मोबाइल टावर का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के टिकरापारा वार्ड में मोबाइल टावर निर्माण में रोक लगाने की मांग कलेक्टर से की गई है। टिकरापारा वार्ड पार्षद मदन नेवारे सहित वार्डवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शहर के रिहायशी क्षेत्र टिकरापारा वार्ड क्र. 33 में एक व्यक्ति अपने खुले प्लाट में मोबाइल टावर का निर्माण करा रहा है। निर्माणाधीन टावर से जिला अस्पताल तथा मेनोनाइट स्कूल की दूरी 50 मीटर से कम है। वहीं आसपास घनी आबादी रहती है। टावर के निर्माण से बच्चे, गर्भवती महिलाएं, पशु, पक्षी को हानिकारक विकिरणों से गंभीर परिणाम का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने जनहित में मोबाइल टावर पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में डी. गोनन, हेमंत कुमार, शिवकुमार, सुनीता, रामकिशन आदि मौजूद थे।

## रूद्री रोड की शराब दुकान को हटाने की मांग



श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं साधक महिला मंडल ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देते हुए कहा है कि रूद्री रोड में कमलविहार कालोनी के पीछे पूज्य आसाराम बाबू का आश्रम है। जिले के हजारों साधकों का आना-जाना बापू के आश्रम में होता है। आश्रम जाने के लिए एक कच्चा रास्ता है। उसी रास्ते में शराब भट्ठी संचालित है। शराबियों की भीड़ लगी रहती है। साधक महिलाओं को उक्त मार्ग में गुजरकर आश्रम जाना पड़ता है। रास्ते से गुजरने पर महिलाओं को असहज महसूस होने के अलावा अनहोनी का डर लगा रहता है। उन्होंने रूद्री रोड स्थित शराब दुकान को अन्यत्र हटाने की मांग कलेक्टर से की है।

# गुरुनानक देव की जयंती को लेकर सिख समाज में उत्साह



- गुरुद्वारा में अखंड पाठ, शबद कीर्तन और आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरु नानक देवजी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर सिख समाज द्वारा 5 नवंबर को गुरुद्वारा में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों को स्मरण करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अखंड पाठ साहिब से होगी, जिसके बाद दिनभर शब्द कीर्तन और रहिरास साहिब का पाठ आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारे में भक्ति संगीत और गुरु वंदना की गूंज के बीच पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर जाएगा।

रात्रि 12 बजे गुरु नानक देवजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आतिशबाजी की जाएगी, जिससे पूरा क्षेत्र प्रकाश और उल्लास से जगमगा उठेगा। समाज के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में सम्मिलित होकर गुरु नानक देवजी के संदेश को आत्मसात करने आग्रह किया है।

# काशी के पांच बार उच्चारण से विश्वनाथ का दर्शन हो जाता है : राघव





## शिव पुराण कथा के प्रथम दिवस हजारों श्रद्धालु जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र राघव मिश्रा की शिव महापुराण कथा 3 नवंबर से ग्राम खिसोरा में शुरू हुई। कलशयात्रा गांव के कुंदेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी। बुढ़वा भगत मंदिर के दर्शन बाद शीतल तालाब से जल लेकर कलशयात्रा कथा स्थल पहुंची। सिरकट्टी आश्रम कुटेना के महाराज संत गोवर्धन शरण ने पूजा-अर्चना की। शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस 4 नवंबर को हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण करने जुटे रहे। पंडित राघव मिश्रा ने कहा कि दस दिन पूर्व किया गया भोजन याद नहीं रहता किंतु उसका असर शरीर के अंगों में रहता है। शिव के जाप का लाभ वर्षों तक मिलता है। काशी विश्वनाथ तीर्थ यात्रा दर्शन की प्रसिद्धि पर श्री मिश्रा ने कहा कि काशी का पांच बार उच्चारण कर लेने मात्र से काशी विश्वनाथ का दर्शन हो जाता है। कथा सुनने सुमित्रा जागेश्वर साहू, देवकी हरिश्चर साहू, योगराज समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## रत्नाबांधा में आज मड़ई, मेला स्थल में चला स्वच्छता अभियान

**धमतरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 5 नवम्बर को रत्नेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण तालाब किनारे में मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। श्री राधे आरबीडी ग्रुप रत्नाबांधा के द्वारा मेला मड़ई के एक दिन पूर्व मेला स्थल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने बताया कि यहां मेला मड़ई का आयोजन वर्षों से होता आ रहा है। स्वच्छता अभियान में ठाकुरराम मीनपाल, लिकेश मीनपाल, अजय मीनपाल, गोपाल साहू, टिकेश्वर यादव, अर्जुन साहू, स्वयं नाग, कृष्णा मीनपाल, सन्नी मीनपाल, दादू मीनपाल, लालजी यादव, वंशकुमार नाग, तेजनारायण मीनपाल, टिकेश्वर नेताम जुटे थे।

# बेतहाशा बिजली बिल के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

- कलेक्टोरेट का घेराव कर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने बिजली बिल दर में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव, संजय सिन्हा, सत्यम गोस्वामी सहित कार्यकर्ताओं ने जनपद कार्यालय के पास से रैली निकाली। नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव तथा प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि प्रदेश में जुलाई माह से बिजली दर में अप्रत्याशित वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई दर और नये लगाए गए स्मार्ट मीटर से प्रदेश की गरीब एवं आम जनता परेशान है। छत्तीसगढ़ सप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है। आम जनता को सस्ती बिजली की बजाय महंगी बिजली दी जा रही है। वितरण कंपनी को घाटा होने के नाम पर बिजली बिल की दर बढ़ाने की बात कही जा रही है। वितरण कंपनियों को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए। चार वितरण कंपनी की जगह एक वितरण कंपनी से अधिकारी, कर्मचारियों के वेतन और खर्चों की बचत होगी। विद्युत कंपनियों का खर्च कम नहीं करने की भरपाई छत्तीसगढ़ की जनता से की जा रही है। बिजली बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैर जरूरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छग की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

आप के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि 3 जुलाई को पार्टी ने बढ़ी हुई बिजली दर पर रोक लगाने शासन को ज्ञापन सौंपा था लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। मंगलवार को पुनः बिजली बिल वृद्धि दर को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। फिर भी ध्यान नहीं दिया गया तो पार्टी इससे बड़ा आंदोलन करेगी।

## छात्रों को दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूर्व प्राचार्य चैतराम साहू ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई, साथ ही देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाये रखने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की अखंडता को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया है वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय एकता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति है और हमें सदैव जाति, धर्म, भाषा तथा प्रांत से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए।

# गुरुनानक देवजी का 556 वां प्रकाश पर्व आज मनाया जाएगा

- भजन कीर्तन और अरदास के बीच गुरुनानक देवजी के उपदेशों का वाचन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूज्य पंचायत सिंधी समाज धमतरी के तत्वावधान में श्री गुरु नानक देवजी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर 5 नवंबर मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। आयोजन स्थल पर विशेष साज-सज्जा की गई है, जहां समाज के सदस्य, श्रद्धालु और शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह गुरुद्वारा बाबा गुरदास राम दरबार आमापारा में भोग साहब के साथ होगा। भजन कीर्तन और अरदास के बीच गुरुनानक देवजी के उपदेशों का वाचन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से आम भंडारे का आयोजन रखा गया है, जहां श्रद्धालुजन सामूहिक रूप से महाप्रसाद का ग्रहण करेंगे।

### समाज ने किया प्रतिष्ठानें बंद करने का आग्रह

सिंधी समाज ने इस पावन अवसर पर सभी समाजजनों से आग्रह किया है कि 5 नवंबर को अपने प्रतिष्ठान व दुकानें बंद रखें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर गुरु नानकदेव जी के उपदेशों सच्चा व्यापार सेवा और सत्कर्म है को आत्मसात कर सकें। आयोजन समिति ने बताया कि प्रकाश पर्व का उद्देश्य केवल उत्सव नहीं, बल्कि गुरु नानक देवजी की करुणा, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

### शाम को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

संध्या 4:30 बजे बाबा गुरदास राम दरबार आमापारा से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा घड़ी चौक, बालक चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चंडी चौक, कचहरी चौक, रामसागर तालाब मार्ग होते हुए पुनः घड़ी चौक पहुंचेगी। पूरे मार्ग व रथ को धार्मिक झांकियों से सजाया जाएगा। कीर्तन मंडलियां भजन करेंगी। शहरभर में जयघोष गूंजेंगे।

शोभायात्रा के समापन पर घड़ी चौक में शानदार आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी और उल्लास से जगमगा उठेगा। रात्रि 9:30 बजे धर्मशाला में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### एक दिन पूर्व हुआ भक्ति संगीत का आयोजन

प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर 4 नवंबर की रात 8 बजे गुरुद्वारा परिसर में भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और कीर्तन मंडलियों ने गुरु भक्ति के गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। रात्रि 9:30 बजे लंगर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020